SHAMREZ Classes

भूगोल कक्षा 10वीं

अध्याय - 4

खनिज और ऊर्जा संसाधन

महत्वपूर्ण घटनायें / तथ्य :-

1. **खनिज** - हमारे जीवन का अति अनिवार्य भाग। सभी वस्तुओं का निर्माण खनिजों द्वारा होता है। एक कार्बनिक पदार्थ जिसमें कठोरता, रंग और निश्चित आकार होता है।
2. **लिग्नाइट** - निम्न कोटि का भूरा मुलायम कोयला।
3. **अयस्क** - लोहा, मैंगनीज, अभ्रक जैसे खनिज के अंशों का मिश्रित रूप।
4. **हेमेटाइट** - उद्योग में प्रयोग होने वाला सर्वाधिक महत्वपूर्ण लोहा जिसमें 50-60 प्रतिशत लौह अंश होता है।
5. **मैग्नेटाइट** - उच्च कोटि का लौह अयस्क जिसमें 70 प्रतिशत लौह अंश होता है।
6. **पेट्रोलियम** - अशुद्ध या कच्चा खनिज तेल।
7. **खनन** - उपयोगी खनिज पदार्थो के निष्कर्षण का काम।
8. **लौह खनिज** - जिन खनिजों में लौह अंश होता है जैसे लोहा, मैंगनीज़ आदि।
9. **मुंबई हाई** - मुंबई से 115 कि.मी. दूर अरब सागर में उथला समुद्री तेल क्षेत्र।
10. **आणविक शक्ति** - अणु के विखंडन से प्राप्त ऊर्जा।
11. **आणविक खनिज** - परमाणु ऊर्जा को धारण करने वाले पदार्थ जैसे यूरेनियम, थोरियम तथा बैरिलियम।
12. **बायो गैस** - ऊर्जा जो घास फूस, कृषि कचरा, जानवर तथा मानव अपशिष्ट पदार्थो से प्राप्त की जाती है।

Scanned by CamScanner

13. **धात्विक खनिज** – वे खनिज जिनमें धातु का अंश अधिक होता है जैसे लौह अयस्क, बॉक्साइट।
14. **अधात्विक खनिज** – वे खनिज जिनमें धातु का अंश नहीं होता है जैसे चूना पत्थर, पोटाश आदि।
15. **भूगर्भशास्त्री** – वे वैज्ञानिक जो चट्टानों की प्रकृति और उनके निर्माण का अध्ययन करते हैं।

भारत में विभिन्न खनिज उत्पादन करने वाले क्षेत्रों का विवरण :-

खनिज का नाम		उत्पादन करने वाले क्षेत्र
लौह अयस्क	--	छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, गोआ और कर्नाटक।
मैंगनीज़	--	कर्नाटक, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गोआ आदि।
एल्यूमिनियम (बॉक्साइट)	--	मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़।
अभ्रक	--	झारखंड, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, राजस्थान आदि।
ताँबा	--	मध्यप्रदेश, झारखण्ड, राजस्थान, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश
सोना	--	कर्नाटक और बिहार आदि।
कोयला	--	झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र आदि।
खनिज तेल	--	मुंबई हाई, असम, गुजरात, अरूणाचल प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु।

1 अंक वाले प्रश्न

1. अवसादी चट्टानों में खनिज किस प्रकार मिलते है?
2. लौह अयस्क की सर्वोत्तम किस्म कौन सी है?
3. मैंगनीज का उपयोग क्या-क्या बनाने में किया जाता है?
4. चूना पत्थर किस उद्योग का आधारभूत कच्चा माल है?

Scanned by CamScanner